# आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल, ढाबों पर मेहरबानी

## अभी भी खवासा के ढाबों पर अवैध गतिविधियों का आरोप, ग्रामीणों में भय का माहौल

**सिवनी नवभारत। इस समय सिवनी जिले की खवासा क्षेत्र में जिस तरह से ढावों पर अवैध रूप से महाराष्ट्र से लाकर भारी मात्रा में अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है और नौजवान युवकों नशीली पदार्थ का सेवन कराया जा रहा है उससे पूरे क्षेत्र की जनता में भय का माहौल दिखाई दे रहा है और आबकारी विभाग और पुलिस विभाग सिवनी जिले के कुरई तहसील इन ढावों में कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है यह विभाग को ही पता है जिसको लेकर आबकारी विभाग और पुलिस विभाग पर कहीं संरक्षण का आरोप प्रत्यारोप तो कहीं विभाग पर तरह-तरह की चर्चा इस बात का प्रमाण है कि कहीं ना कहीं इन ढावो के ऊपर विभाग की मेहरबानी दिखाई दे रही है। खवासा क्षेत्र में संचालित दो ढाबों पर गंभीर आरोप सामने आए हैं।**


खवासा में कमर्शियल गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण पकड़ा, 49 सिलेंडर जब्त


महाराष्ट्र सीमा से लगे खवासा के ढाबों में अवैध शराब-ड्रग्स बिक्री के आरोप

स्थानीय लोगों के अनुसार खवासा टोल के आगे स्थित हिमांशु ढाबा और जायसवाल ढाबा में लंबे समय से अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इन ढाबों में खुलेआम 24 घंटे शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है। नागपुर बॉर्डर के समीप होने के कारण यहां बाहरी राज्यों के संदिग्ध और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी ठहरते हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है। बताया जा रहा है कि इन ढाबों का संचालन जायसवाल परिवार के हिमांशु जायसवाल, मयूर जायसवाल और अंकुर जायसवाल द्वारा किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने पर संचालकों द्वारा धमकी दी जाती है और शिकायतकर्ताओं के घर पहुंचकर मारपीट तक की घटनाएं सामने आती हैं। आरोप है कि ये लोग प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए अपनी सेटिंग होने की बात कहकर लोगों को डराते हैं। इसके अलावा ढाबों के आसपास इको बसों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की स्थिति बनती है। क्षेत्र में डीजल चोरी और पैसों के अवैध लेन-देन (हवाला) जैसे कार्यों की भी शिकायतें सामने आई हैं।

खवासा के आम नागरिकों ने बताया कि इन गतिविधियों के कारण पूरे गांव में भय का माहौल व्याप्त है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित ढाबा संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बहाल हो सके।

### पूर्व कलेक्टर के आदेशों पर ढाबो मै अवैध गैस उपयोग पर भी कार्रवाई हो चुकी

वही कुरई विकासखंड अंतर्गत खवासा स्थित एक ढाबे पर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की थी। और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की संयुक्त जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जप्त सामग्री की करीब 59 हजार 873 रुपये की राशि शासन के पक्ष में राजसात करने के आदेश जारी किए गए थे

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 सितंबर 2024 को जिला आपूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में जांच दल ने खवासा स्थित जायसवाल ढाबा पर छापामार कार्रवाई की थी। इस दौरान ढाबे में 15 किलोग्राम के 7 भरे हुए, 1 आंशिक भरा तथा 10 खाली गैस सिलेंडर सहित कुल 24 सिलेंडर पाए गए, जिनका उपयोग व्यवसायिक रूप से भोजन बनाने में किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि एक साथ 100 किलोग्राम से अधिक गैस का भंडारण किया गया था, जो द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। यह कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दंडनीय पाया गया।

प्रकरण में ढाबा संचालक मयूर जायसवाल को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। निर्धारित समय सीमा के बाद प्रस्तुत जवाब का परीक्षण करने पर आरोप सही पाए गए। इसके बाद कलेक्टर द्वारा जप्त गैस सिलेंडरों की अनुमानित बाजार मूल्य राशि 59 हजार 873 रुपये शासन मद में जमा कराने के आदेश दिए गए।

### जप्त सामग्री की नीलामी कर शासन को दी जाएगी राशि

साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित राशि जमा करने के बाद जप्त सामग्री को मुक्त किया जाए। यदि एक माह के भीतर राशि जमा नहीं की जाती है, तो जप्त सामग्री की नीलामी कर प्राप्त राशि शासन के खाते में जमा कराई जाएगी। इस कार्रवाई को घरेलू गैस के दुरुपयोग पर नियंत्रण और नियमों के पालन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना था और पूर्व कलेक्टर की यह कार्यवाही सहरानीय मानी जा रही थी लेकिन जैसे ही कलेक्टर का ट्रांसफर हुआ तो इसके बाद वह फिर से दोबारा ऐसे कामों को अंजाम देने लगे इसके बाद लगातार समाचार पत्रों की सुर्खियों में आते ही जिला प्रशासन द्वारा एक बड़ी कार्यवाही एक बार फिर की गई तो उसे कार्यवाही में भी भारी मात्रा में नागपुर महाराष्ट्र की सीमा से गैस का तार जोड़ने का मामला देखने और सुनने को मिला जहां कुरई तहसीलदार द्वारा कार्यवाही करते हुए मामला बनाकर पंजीकृत किया गया



# पेट्रोल पंपो मे लगी लम्बी कतार

**वाहनो के साथ साथ डबकी तक लेकर खडे है लोग**

**धारनाकला नवभारत।** इरान इजराइल अमेरिका के बीज जंग का असर अब बडे शहरो के साथ साथ अब ब्लाक स्तर से लेकर ग्रामीण अंचलो तक देखा जा रहा है और लोगो की लम्बी कतार पेट्रोल पंपो मे तक लगने लगी है लोग जहा अपनो वाहनो को पेट्रोल तथा डीजल से टेकं फुल करने मे लगे हुऐ है वही दूसरी तरफ आने वाले दिनो मे पेट्रोल तथा डीजल की दिक्कतो से बचने के लिये लोग अब पेट्रोल पंप मे खाली डबकी तक लेकर पहूच रहे है और यह भीड पेट्रोल पंपो मे आज से लगना प्रारम्भ हुई और दस बजे के बाद से यह भीड पेट्रोल पंप मे बढती चली गई और लोग पेट्रोल तथा डीजल इकट्ठा करने की गरज से अपने वाहनो के साथ साथ डबकी लेकर पेट्रोल पंप पहुचने लगे क्योकि छेन मे वैसे भी गैस की दिक्कत को माध्यम बनाकर लोग पेट्रोल डीजल इकट्ठा करने मे लगे हुऐ है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के आवेदन 31 मार्च तक

**सिवनी नवभारत।** सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत MP TaaS Portal पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवीन आवेदन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पात्र विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### एक नजर में


## छपारा में नि :शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर 28 को




छपारा। नगर के मसीही समाज एवं मिशन स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 28 मार्च शनिवार को मिशन स्कूल में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई कि शिविर में क्षेत्र के प्राचीन और सुप्रसिद्ध मिशन अस्पताल, लखनादौन के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। विशेष रूप से आधुनिक दूरबीन पद्धति (लैप्रोस्कोपिक) एवं सामान्य सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. स्टीफन टॉम जूड द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श दिया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं और अपने परिचितों को भी इस शिविर की जानकारी दें।

## रक्षा ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की परीक्षा

**रेविका यादव द्वितीय और नित्या अहिरवार ने तृतीय स्थान विद्यालय में हासिल किया**





छपारा। 25 मार्च को दोपहर राज्य शिक्षा केंद्र एमपी के कक्षा पांचवीं और आठवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए गए जिसमें नगर के श्री आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर छपारा की कक्षा आठवीं की छात्रा कु. रक्षा शिववेदी ने 90.33 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई और स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं रेविका यादव 88.66 प्रतिशत और नित्या अहिरवार ने 83.83 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई छात्राओं के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर विद्यालय की ओर से शुभकामनाएं दी गई है।

## आरिफ बने राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी

सिवनी। आरसीएसएस (राष्ट्रीय चालक सेवा संगठन )द्वारा जबलपुर स्थित हेड ऑफिस में शहीद दिवस के अवसर पर दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र, बिहार एवं अन्य जिलों एवं राज्य से आए संगठन के अधिकारी द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के सिवनी जिले से आए आरिफ मोहम्मद को संगठन द्वारा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान उन्हें विधिवत नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सौंपा गया। उनकी नियुक्ति को संगठन के विस्तार एवं मीडिया क्षेत्र में मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों से संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## विनायक स्कूल खरसारू में रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम




**केवलारी नवभारत।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। कक्षा 5वीं में 96.19 प्रतिशत छात्राएं एवं 94.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं कक्षा 8वी में 94.98 प्रतिशत छात्राएं एवं 92.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इसी कड़ी मे केवलारी विकास खंड पर संचालित विनायक पब्लिक स्कूल खरसारू का उत्कृष्ट परिणाम रहा जिसमे कक्षा पांचवी की छात्रा अल्का सल्लाम पिता बसंत सल्लाम द्वारा 84.75 प्रतिशत बना कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विद्यालय का एवं अपने परिवार का नाम गौरवांवित किया फ़ैज़ान मंसूरी पिता इसराफील् मंसूरी द्वारा 83.5 प्रतिशत बनाकर विद्यालय मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया देवेंद्र उईके 76प्रतिशत, सिद्धांत उट्टे 76 प्रतिशत, अमन डेहरिया 74प्रतिशत, रितेश उईके 72 प्रतिशत, दिपेश मर्सकोले 71प्रतिशत, माही धुर्वे 70 प्रतिशत, दक्षता बघेल 79प्रतिशत एवं रुद्र राज उईके 65त्न अर्जित कर विद्यालय मे 10 स्थान प्राप्त किये एवं अन्य विधार्थियों द्वारा उत्कृष्ट अंक अर्जित किया गया विद्यालय के परिणाम मे प्रधान पाठक एवं शिक्षक श्रीमती इंद्रा कुशवाहा , श्रीमती मीनाक्षी कुशवाहा, अंबिका बघेल, दीक्षा श्रीवास्तव, रंजीता डेहरिया, अंजलि कुशवाहा, आकांक्षा बघेल का विशेष योगदान रहा।

## होनहार छात्रा अवीरा सिंह ठाकुर उच्च अंकों से उत्तीर्ण



**सिवनी नवभारत।** सेंट फांसिस स्कूल में अध्ययनरत होनहार छात्रा कुमारी अवीरा सिंह ठाकुर ने कक्षा दूसरी की वार्षिक परीक्षा 94 प्रतिशत से उत्तीर्ण की है। बचपन से ही होनहार छात्रा अवीरा ने स्कूल की विभिन्न प्रतियोगिताओं जिसमें रेस, डांस, ड्राइंग, फैंसी ड्रेस तथा सॉन्ग कंपटीशन में भी अनेकों बार हिस्सा लिया है। जिसके लिए स्कूल द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया है। अवीरा सिंह ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सिवनी की पैरालीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी सिंह एवं जितेन्द्र सिंह की सुपुत्री हैं।

## रविशंकर मानेश्वर सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार से सम्मानित




**छपारा नवभारत।** 25 मार्च को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में आत्मा समिति जिला सिवनी द्वारा आयोजित एक विशेष गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रगतिशील किसान रविशंकर मानेश्वर को सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 2024-25 के दौरान कृषि और उससे संबंधित गतिविधियों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार से नवाजा गया है।

### कृषि क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान

सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना के अंतर्गत रविशंकर मानेश्वर आत्मज श्री कुन्दनलाल, निवासी ग्राम देवरीखुर्द, विकासखण्ड छपारा को यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने खेती के साथ-साथ पशुपालन और उद्यानिकी जैसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर उत्पादन बढ़ाने और विभागीय कार्यक्रमों को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई है।उपसंचालक सह परियोजना संचालक, आत्मा समिति, जिला सिवनी द्वारा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

# अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव का भव्य समापन



**केवलारी नवभारत।** केवलारी में आयोजित अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव ईपीएल सीजन 2 का भव्य समापन जोश और उत्साह के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले में पावर स्ट्राइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से खिताब अपने नाम किया।

7 मार्च से प्रारंभ हुआ अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव ईपीएल सीजन 2 22 मार्च की रात संपन्न हुआ, जहां फाइनल मुकाबले में पावर स्ट्राइकर्स एमपीईबी केवलारी ने हेल्थ हीरोज को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। आयोजन की शुरुआत में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया गया तथा ट्रॉफी का आकर्षक अनावरण किया गया। महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का सम्मान करते हुए सद्भावना मैच भी आयोजित किया गया। साथ ही भारतीय टीम की विश्व कप जीत का जश्न बड़े पर्दे पर सामूहिक रूप से मनाया गया। फाइनल मुकाबले में हेल्थ हीरोज ने 90 रन बनाए, जिसके जवाब में पावर स्ट्राइकर्स ने 8.4 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विजयकुमार पंचेश्वर की नाबाद 42 रनों की पारी निर्णायक रही, वहीं राजेन्द्र कुमरे और शशांक चौरसिया ने भी अहम योगदान दिया। टूर्नामेंट में 10 विभागीय टीमों ने भाग लिया। वन विभाग द्वारा हर डॉट बॉल पर पौधारोपण की पहल के तहत पौधे वितरित किए गए। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राजेन्द्र कुमरे, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं विकेटकीपर बंटी सराठे, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भारत भंवारे और सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर संतोष पाठक को सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता में एसडीएम महेश अग्रवाल, एसडीओपी आशीष भराड़े, तहसीलदार शशांक मेश्राम, जनपद पंचायत सीईओ प्रांजल पाठक, नायब तहसीलदार दीक्षा वासनिक, नायब तहसीलदार राउत साहब सहित सभी विभाग प्रमुखों का योगदान रहा। संतोष पाठक के नेतृत्व में आयोजन समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### इनकी रही उपस्थिति

समापन अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव चौधरी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन, डॉ. अभिनाश तिवारी, फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष संजीव अवधिया, वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर महोबिया, रामशरण प्यासी महराज, सुधीर पांडे, अमित तिवारी, अभय अग्रवाल , निर्मल बघेल, नितिन बघेल, राघव जघेला, राजा सूर्यवंशी, राजा श्रीवास्तव, बाबा भाई, प्रवीण दुबे, वरिष्ठ पत्रकार नीलेश अवधिया, , अशोक बंदेबार, मुकेश चौरसिया, कृष्ण कुमार प्रजापति, स्वप्निल उपाध्याय, विनोद सिसोदिया, संस्कार तिवारी, पारस दुबे, हनी साहू, रामनरेश दुबे, तुषार मसराम, अखिलेश राय, शक्ति शुक्ला, अधिवक्ता पवन यादव, श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष रफीक खान सहित अन्य पत्रकारों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## खिलाड़ियों की ओर से अजय बाबा पाण्डेय ने विधायक का जताया आभार



**सिवनी नवभारत।** नगर में खेल सुविधाओं के विस्तार एवं विकास को लेकर किए जा रहे कार्यों के लिए खिलाड़ियों की ओर अजय बाबा पाण्डेय के द्वारा क्षेत्रीय विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

बाबा पाण्डेय ने बताया कि नगर के विभिन्न खेल मैदानों में उन्नयन कार्य एवं फ्लड लाइट की व्यवस्था किए जाने से खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी। विशेष रूप से मिशन स्कूल ग्राउंड में गैलरी निर्माण कार्य प्रारंभ करवाए जाने पर खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक जी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने अजय बाबा पांडे के माध्यम से यह मांग रखी थी कि मैदान में फ्लड लाइट के साथ-साथ दर्शकों के बैठने हेतु गैलरी की भी व्यवस्था की जाए। विधायक द्वारा इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र अमल में लाया गया, जिससे खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों ने कहा कि इन सुविधाओं के विकसित होने से न केवल खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिलेगा, बल्कि खेल प्रेमियों को भी मैच देखने में सुविधा होगी और क्षेत्र में खेलों को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

**धर्म-कर्म**

**भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम 65 कलश स्थापना के साथ जगमगा रहा मां खैरापति मंदिर**

# मां खैरापति मंदिर में 45 वर्षों से अखंड परंपरा जारी

**सिवनी नवभारत।** नगर के मंगलीपेठ स्थित कस्तूरबा वार्ड में विराजमान मां खैरापति मंदिर इन दिनों गहन आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह का केंद्र बना हुआ है। बीते लगभग 45 वर्षों से निरंतर चली आ रही इस गौरवशाली परंपरा के तहत इस वर्ष भी पूरे विधि-विधान, मंत्रोच्चार और भक्तिभाव के साथ 21 मार्च को 65 कलश एवं एक विशेष थप्पर कलश की स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है।






कलश स्थापना के बाद से प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला निरंतर जारी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां खैरापति के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पूरे वार्ड में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का अनुभव किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता भी मजबूत हो रही है।

आयोजन के अंतर्गत 28 मार्च को विशेष हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु, भक्तगण एवं मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर यज्ञ में आहुति देंगे। यह हवन कार्यक्रम आयोजन का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र रहेगा, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की जाएगी।

कार्यक्रम का भव्य समापन 29 मार्च को कलश विसर्जन के साथ होगा। इस अवसर पर आकर्षक एवं भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सजीव धार्मिक माहौल, रंग-बिरंगी लाइटिंग और आधुनिक डिस्को लाइट की सजावट के बीच श्रद्धालु पूरे उत्साह और उल्लास के साथ शामिल होंगे। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण गूंज उठेगा, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिलेगा।

कलश विसर्जन के पश्चात प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था श्रद्धा और सेवा भाव के साथ की जाती है, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित होता है।

इस संपूर्ण धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कस्तूरबा वार्ड की महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं मंदिर समिति के सदस्यों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रहती है। सभी लोग तन, मन और धन से सहयोग करते हुए इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसके साथ ही नगर के गणमान्य नागरिकों और आसपास के क्षेत्रवासियों का सहयोग भी आयोजन को भव्यता और गरिमा प्रदान करता है।

लगातार 45 वर्षों से अनुशासन, आस्था और सामूहिक सहभागिता के साथ आयोजित हो रहा यह धार्मिक कार्यक्रम न केवल सिवनी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को भी परंपराओं से जोड़ते हुए एक नई प्रेरणा और कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल की आस्था व परिधि ने पाया प्रथम स्थान




**सिवनी नवभारत।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए जिसमें आज शहर की सबसे प्राचीन एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत कक्षा पांचवी एवं आठवीं के उत्कृष्ट अंक प्राप्त छात्र छात्राओं के परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहे कक्षा पांचवी में क्रमश: प्रथम स्थान आस्था तिवारी 94.75 ने प्राप्त किया। द्वितीय मायरा अग्रवाल 88 तृतीय आर्या शुक्ला 85.75 चौथा नव्या राय 82.75 पांचवा समीक्षा धुर्वे 82.25 छठवां तिशा बघेल सातवां तमन्ना पारधी 80.5 आठवां अंशुल गोस्वामी 80.25 नवमां नमन सोनी 79.5 एवं आशीष सनोडिया ने 79त्न अंक के साथ शाला में दसवां स्थान प्राप्त किया। मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी से कक्षा आठवीं में परिधि पटले ने 88.67 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय गीतिका कुशवाहा 85.89 तृतीय यश कुमार पटले 85.17 चौथा शौर्य गिरी गोस्वामी 83.67 पांचवा पूर्वी झरिया 82 छठवां रवि बर्मन 81.83 सातवां श्रीकांत बघेल 81.83 आठवां ज्योति पेशवानी 81.67 नौवां कृतज्ञ बघेल 79.67 एवं दशवा स्थान शीतल गोस्वामी 79.33 ने प्राप्त किया ।

मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल में नियमित रूप से अध्यनरत छात्र छात्राओं को एनसीसी, स्काउट, कंप्यूटर, खेल, कलात्मक-रचनात्मक आर्ट एवं नृत्य संगीत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को शाला परिवार की ओर से प्राचार्या डॉ वंदना एन तिवारी संचालक जनक तिवारी शाला प्रभारी संतोष चौबे सहित समस्त स्टाफ के द्वारा उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की गई।

### पिपरिया नाई में भूमि पूजन सम्पन्न

सिवनी नवभारत। विकासखंड धनौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया नाई में लंबे समय से अटका उप स्वास्थ्य केंद्र अब आखिरकार धरातल पर उतरता नजर आ रहा है। बुधवार को उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे ग्रामवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।

## पर्यावरण का उद्देश्य सफल जीवन शैली को अपनाना है, संयुक्त उईके

**सिवनी।** पर्यावरण शिक्षण का मुख्य उद्देश्य सतत जीवन शैली को अपनाना है जिसका अर्थ है संसाधनों का विवेक पूर्ण उपयोग अवशिष्ट काम करना और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प चुना यह सचेत उपभोग और आंतों में बदलाव के माध्यम से प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने का पर केंद्रित है प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया यह आंदोलन व्यक्तिगत व्यवहार में बदलाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाना चाहता है सतत जीवन शैली का अर्थ है पृथ्वी के संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग करना और अपने पर्यावरण प्रभाव को कम करना इसका उद्देश्य ऊर्जा की खपत कम करना अवशिष्ट को कम करना स्थानीय उत्पादों का उपयोग करना और कार्बन फुटप्रिंट को घटकर भाभी वीडियो के लिए एक स्वस्थ ग्रह सुनिश्चित करना है .